# ग्राम पंचायत डन्नी, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा, हि• प्र• –176203 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओ के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत डन्नी, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा, हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुरेखा कुमारी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री डोडी राम | 01.04.2022 से 26.04.2023 |
| 2. | श्रीमती उर्मिला देवी | 27.04.2023 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री बलकार सिंह | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री गोपाल सिंह | 01.04.2022 से 30.05.2023 |
| 2 | श्री पंकज कुमार | 01.06.2023 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—**

ग्राम पंचायत डन्नी के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:—

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 1.54 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 18.37 |
| 3 | 6.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.04 |
| 4 | 6.2 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.07 |
| 5 | 7.1 | निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.09 |
| 6 | 7.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 2.57 |
| 7 | 7.3 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 14.00 |
| 8 | 8.1 | निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु अनियमित भुगतान करने बारे | 3.57 |
| 9 | 8.2 | भुगतान मूल बिल पर न करके प्रोफार्मा बिल पर करना | 0.49 |
| 10 | 9.1 | आमन्त्रित निविदाओं में न्यूनतम निविदा को अनुमोदित न करके, अधिक अनुमोदित दर से भुगतान करना | 0.49 |
| 11 | 9.2 | निर्माण कार्यों के लिये सामग्री खरीद हेतु अधिक/अनियमित भुगतान करना | 0.24 |
| 12 | 10 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 8.52 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत डन्नी का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2018 से 31/03/2020 तथा 01/04/2020 से 31/03/2022 के लिये किया गया था, जिसके अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:—

1 अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2018 से 31/03/2020 तक

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 4 | अनिर्णीत | — |
| 2. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 3. | 6 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 7 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 8 | अनिर्णीत | — |
| 6 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 7 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 13 | अनिर्णीत | — |

(ब) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2020 से 31/03/2022 तक

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क ₹4800 की मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर पृष्ठ 272 से पुष्टि उपरान्त |
| 2. | 4 | अनिर्णीत | — |
| 3. | 4.2,क | अनिर्णीत | |
| 4. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 6 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित की गई है। |
| 6. | 7.1 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित की गई है। |
| 7. | 7.2 | अनिर्णीत | — |
| | 7.3 | अनिर्णीत | — |
| 8. | 7.4 | अनिर्णीत | — |
| 9. | 8.1 | अनिर्णीत | — |
| 10. | 8.2 | अनिर्णीत | — |
| 11. | 9.1 | अनिर्णीत | — |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | 9.2 | अनिर्णीत | — |
| 13. | 9.3 | अनिर्णीत | — |
| 14. | 10.1 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित की गई है। |
| 15. | 10.2 | अनिर्णीत | — |
| 16. | 11.1 से 11.5.1 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित की गई है। |

## भाग—दो

**2. वर्तमान अंकेक्षणः—**

ग्राम पंचायत डन्नी के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 20.09.2024 से 27.09.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्वः स्त्रोत व अनुदानों की हस्तगत व ऑनलाईन रोकडबहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 03/2023 | 05/2022 |
| 2023—24 | 03/2024 | 06/2023 |

**अस्वीकरण** **(Disclaimer)** :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेष राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/445 दिनांक—27.09.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/427 दिनांकः—20.09.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया है:—

**1.स्व—स्त्रोतः—**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 236526.00 | 194585.71 | 431111.71 | 168096.00 | 263015.71 |
| 2023-24 | 263015.71 | 174789.00 | 437804.71 | 294688.00 | 143116.71 |

**2.अनुदानः—**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1918308.82 | 4916823.98 | 6835132.80 | 5075154.00 | 1759978.80 |
| 2023-24 | 1759978.80 | 2301690.00 | 4061668.80 | 2224404.00 | 1837264.80 |

**कुल योग** (1+2) 143116.71+1837264.80 **=1980381.51**

**(ख).बैंक समाधान विवरणीः—**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत व ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार शेष ₹19,80,381.51/- तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट—3"** के अनुसार अन्तशेष ₹18,26,641.51/—से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार है:—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/5वां वित/एस.डी.आर.एफ/आई.सी.डी.एस/वी.के.वी.एन.वाई/एम. | का•के•सह•बैंक नूरपुर | 20003062158 | 601279.24 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पी.लेड / आर.जी.एस.ए / टी. एस.सी | | | |
| 2 | आई.ए.वाई / ए.ए.वाई | का•के•सह•बैंक नूरपुर | 50051961111 | 823.00 |
| 3 | आई.डबल्यू.डी.पी | का•के•सह•बैंक नूरपुर | 20003062759 | 24675.27 |
| 4 | 15वाँ वित्त / पी.एस / जेड.पी | आई•सी•आई•सी•आई• बैंक जस्सूर | 374401000251 | 1198964.00 |
| | हस्तगत शेष | | | 900 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹1826641.51 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹1980381.51 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹1826641.51 |
| अन्तरः– | | | | ₹153740 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में दर्ज आपत्ति उपरान्त भी नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹1.54 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत डन्नी द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में दर्ज अंकेक्षणापत्ति उपरान्त भी बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत व 15वां वित की ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹153740/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था, जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है। इस अनियमितता बारे गत अंकेक्षण के पैरा संख्या 4.2 में भी अंकेक्षण विभाग द्वारा इस आपति को उठाया गया था, परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा इस पर कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई थी।

इस अनियमितता बारे पुनः वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 430 दिनांकः–23.09.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– शून्य

दिनांकः–27.09.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दियां जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अन्तर के कारणो बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाए।

## (घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–

निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत डन्नी के बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि ,ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानों जैसे कि 5वां वित, वी.के.वी. एन.वाई, एस.डी.आर.एफ, आई.सी.डी.एस, एम.पी.लेड इत्यादि की सयुंक्त रोकड़बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वः स्त्रोत, 5वां वित, वी.के.वी.एन.वाई, एस. डी.आर.एफ, आई.सी.डी.एस, आर.जी.एस.ए, एम.पी.लेड व टी.एस.सी आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमो एवं निर्देशो के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20003062158 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है, जोकि नियमो के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/444 दिनांकः–27.09.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि स्कीम वाईज खातों का अनुसंधारण कर दिया जायेगा, प्रस्तुत उतर नियमानुसार एवं समय–2 पर जारी निर्देशानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही एवं स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशो अनुसार ही रोकड़ बही एवं स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ङ) लेखा खाता / खाता बही तैयार न करना :–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता / खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2022–23 व 2023–24 की खाताबही / लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही / लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मासों के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:–

| अनुदान शीर्ष | वाउचर सं / दिनांक | बिल सं / दिनांक | कार्य का नाम | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 1.15वां वित | 14,15 / 29.05.2022 | 811,45298 / 16.05.2022, 03.06.2022 | निर्माण रास्ता आम के पेड से कुआं तक गांव डन्नी वार्ड–4 | 70492 |
| 2.15वां वित | 05,06 / 18.05.2022 | 80941701 / 16.05.2022, 27.05.2022 | निर्माण रास्ता महिन्द्र सिंह,रघुवीर सिंह, करनैल सिंह गांव डन्नी वार्ड–3 | 46328 |
| 3.15वां वित | 11,13 / 27.05.2022, 29.05.2022 | 41701,837 / 27.05.2022,20.05.2022 | निर्माण नाली और अतिरिक्त कार्य बाबडी डन्नी वार्ड–4 | 57889 |
| 4.मनरेगा | 08,23,40,41 / 17.05.2022,21.06.2023,28.06.2023 | 13918,91,97,301 / 04.03.2022,24.08.2022.21.02.2023,25.02.2023 | निर्माण लिंक रोड / रास्ता सोगट से नरायण सिंह,नरिन्द्र पाल,प्रीतम सिंह इत्यादि घर सोगट वार्ड–5 | 321981 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानो से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि अनियमित तथा आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/444 दिनांकः–27.09.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाताबहियो/लेखा खातो को तैयार करने उपरान्त अगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5.1 अनुदान राशि ₹18.37/– लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/427 दिनांकः–20.09.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹18,37,264.80/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वाँ वित्त | 31.03.2024 | 423968.71 |
| 2 | टी.एस.सी | 31.03.2024 | 67000 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई | 31.03.2024 | 62147 |
| 4 | आई.ए.वाई/ए.ए.वाई | 31.03.2024 | 836 |
| 5 | 13वाँ/14वाँ वित्त | 31.03.2024 | 175163.82 |
| 6 | आई.डब्लयू.डी.पी | 31.03.2024 | 23947.27 |
| 7 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1084202 |
| | | **कुल जोड** | **1837264.80** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/431 दिनांक–23.09.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनपयोग अनुदान राशि को आगामी वर्षों में व्यय करने उपरान्त अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्येश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 6.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.04 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/427 दिनांकः–20.09.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹3670**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्ति कर/गृहकर की राशि का पंचायत द्वारा बिना पर्याप्त कारणो को बताते हुए वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष तथा वर्ष के दौरान वास्तव में कुल कितनी मांग सृजित की गई व परिशिष्ट में दर्शाई गई प्राप्ति की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/432 दिनांकः–24.09.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पत्ति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली को करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जायेगा व अंकेक्षण को भी अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को संधारित करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.07/– लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता सख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/427 दिनांकः–20.09.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत डन्नी द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान ₹7050 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई ,परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः–

| क.संख्या | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण भाुल्क के रूप में प्राप्त राशि |
|---|---|---|
| 1. | 2022–23 | 4750 |
| 2 | 2023–24 | 2300 |
| | **जोड** | **7050** |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/432 दिनांकः–24.09.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत डन्नी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 7.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.09/– लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत डन्नी के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार ₹8675/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया थाः–

| क्र0सं0व अनुदान | वा.स. /दिनांक | सामग्री का विवरण | बिल.स. /दिनांक | आपूर्तिकर्ता | मात्रा | रेट | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. NREGA | 175/21.05.2022 | Wire Steel (12MM) (18%GST) | 9211/02.11.2022 | M/S Nurpur Trading Co.Chamba Road Lakh Data mandir Nurpur | 3kg<br>124.150kg | 82.6<br>67.88 | 248<br>8427.30 |
| | | | | | | **Total** | **8675.30** |

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/438 दिनांकः–26.09.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹2.57/– लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25, 26, 27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत डन्नी के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरो के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार राशि ₹2,56,532/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

| क्र0सं0 व अनुदान | वा0सं0/ दिनांक | सामग्री का विवरण | बिल.सं. /दिनांक | आपूर्तिकर्ता | मात्रा | रेट (₹) | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.SF | 08/19.05.2022 | Stationary | 843/04.05.2022 | M/s Gautam Book Depot & General Store Nurpur | - | - | 2400 |
| 2.NREGA | 41/28.06.2023 | Solling Stone | 301/25.02.2023 | M/sMangal Singh G.Cot.Danna Gurchal | 36m3 | 766 | 27576 |
| 3.NREGA | 40/28.06.2023 | Sand<br>Agg (10mm)<br>Agg (20mm)<br>Agg (40mm) | 01/06.03.2023 | M/s Parshotam Singh Khuwara Nurpur | 31m3<br>15m3<br>38 | 1111<br>1276<br>1069 | 34441<br>19140<br>40622 |
| 4.NREGA | 32/28.06.2023 | Sand<br>Agg (10mm) | 97/21.02.2023 | M/s Parshotam Singh Khuwara | 40m3<br>09m3 | 1111<br>1281 | 44440<br>11529 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Agg (20mm) | | Nurpur | 23m3 | 1276 | 29348 |
| | | Agg (40mm) | | | 44m3 | 1069 | 47036 |
| | | | | | Total | | 256532 |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/442 दिनांकः–27.09.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 7.3 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹14.00 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म 'W' या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म 'x' उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/विक्रेताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें भुगतान केवल वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/428 दिनांकः–20.09.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "6"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹1400965/– का अनियमित भुगतान किया गया एवं पूर्वोक्त नियम प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के चलते अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/441 दिनांकः–26.09.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना व जानकारी के अभाव में किया गया है। भविष्य में उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया, क्योंकि उक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को नियमो के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा किसी संशय की स्थिति में इन प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी से उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**नोटः–उपरोक्त व्यय अंकेक्षण अवधि 2022–23,2023–24 के दौरान समस्त क्रय की गई खनन सामग्री से संबंधित है। अंकेक्षण केवल चयनित माह 05/2022 व 06/2023 के व्यय वाउचरो का ही किया गया।**

## 8.1 निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु ₹3.57 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

सचिव (RD&PR) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री के अंतर्गत निम्नविवरणानुसार राशि ₹3,57,473 के पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स का क्रय हि0 प्र0 सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portel से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके किया गया था तथा न हीं ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित प्रावधान It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate.Before placing the supply order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded Technical sanction. अनुसार निर्माण कार्यों हेतु अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई गई थी, परिणामस्वरूप किया गया भुगतान अनियमित प्रतीत होता है, जोकि अनियमित तथा आपतिजनक हैः–

| क्र0 सं0 | टनुदान शीर्ष | वाउचर सं0/दिनांक | मास | विवरण | मात्रा | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15TH FC | 14/ 29.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Tanishka Tiles Industry Sadwan Bill No 811 dt.-16.05.2022 | 3176 | 50816 |
| 2 | 15TH FC | 05/18.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Tanishka Tiles Industry Sadwan Bill No 809 dt.-16.05.2022 | 2083 | 33328 |
| 3 | 15TH FC | 07/18.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Tanishka Tiles Industry Sadwan Bill No 810 dt.-16.05.2022 | 989 | 15824 |
| 4 | 15TH FC | 13/29.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Tanishka Tiles Industry Sadwan Bill No 837 dt.-20.05.2022 | 2564 | 41024 |
| 5 | 15TH FC | 12/24.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Tanishka Tiles Industry Sadwan Bill No 836 dt.-20.05.2022 | 2770 | 44320 |
| 6 | NREGA | 62/21.05.2022 | 05/2022 | 80mm(Paver Block) from M/s Tanishka Tiles Industry Sadwan Bill No 836 dt.-20.05.2022 | 9306 | 172161 |
| | | | | | योग | 357473 |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/433 दिनांक:–25.09.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–शून्य दिनांक:–27.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त अनियमित व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। भविष्य में उक्त सामग्री नियमानुसार ही क्रय की जाएगी, प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त व्यय को सक्षम तकनीकी प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही पेवर ब्लॉक्स का क्रय करना सुनिश्चित करें।

## 8.2 मनरेगा अनुदान से राशि ₹0.49 लाख का भुगतान मूल बिल पर न करके प्रोफार्मा बिल पर करनाः—

पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 47 (1 व 2) के अनुसार पंचायत निधियों/अनुदानो से किये गये प्रत्येक व्यय को समुचित वाउचर से समर्थित किया जाना अपेक्षित है।

चयनित मास के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट साईन बोर्ड खरीदने हेतु निम्नविवरणानुसार ₹49130/— का भुगतान मूल बिल पर न करके प्रोफार्मा बिल पर ही किया गया था। आपूर्तिकर्ता के मूल बिल तथा उचित रसीद के अभाव में यह व्यय उचित नहीं माना जा सकता है, यह एक अत्यंत गम्भीर वितीय अनियमितता है।

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0 /दिनांक | बिल सं0/ दिनांक | विवरण | आपूर्तिकर्ता का नाम | मात्रा | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREGA | 26/23.06.2023 | 77/22.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 2 | NREGA | 27/23.06.2023 | 78/22.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 3 | NREGA | 28/23.06.2023 | 79/23.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 4 | NREGA | 29/23.06.2023 | 80/23.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 5 | NREGA | 33/28.06.2023 | 81/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 6 | NREGA | 30/23.06.2023 | 83/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 7 | NREGA | 34/23.06.2023 | 84/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 8 | NREGA | 17/21.06.2023 | 085/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 9 | NREGA | 18/21.06.2023 | 086/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 10 | NREGA | 19/21.06.2023 | 087/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | NREGA | 20/21.06.2023 | 88/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 12 | NREGA | 21/21.06.2023 | 089/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 13 | NREGA | 22/21.06.2023 | 090/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 14 | NREGA | 23/21.06.2023 | 091/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 15 | NREGA | 24/21.06.2023 | 092/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 16 | NREGA | 25/21.06.2023 | 094/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| 17 | NREGA | 77/21.06.2023 | 093/24.08.2022 | Cemented Sign Board | M/s Pnajaria Ceramic Solutions Ladori Nurpur | 1 | 2890 |
| | | | | | योग | | 49130 |

इस प्रकरण को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/434 दिनांकः–25.09.2024 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत डन्नी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09. 2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि के मूल बिलो को आगामी अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर उपरोक्त नियमानुसार न होने व तथ्यरहित होने के काण संतोषजनक नहीं पाया गया।

इस प्रकरण तथा इसके जैसे अन्य प्रकरणों में वित्तीय अनियमितताओं की सम्भावना से अंकेक्षण में इनकार नहीं किया जा सकता। अतः उच्च विभागीय स्तर पर कमेटी गठित कर इस कार्यशैली के चलते सम्भावित वित्तीय अनियमितताओं की गहन जांच करके तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए एवं तदानुसार कार्यवाही करते हुए भविष्य हेतु इस कार्यविधि को तुरन्त प्रभाव से बन्द कर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**9.1 आमन्त्रित निविदाओं में न्यूनतम निविदा को अनुमोदित न करके, अधिक अनुमोदित दर से ₹0.49/– लाख का अधिक भुगतान करनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल/वाउचर का वास्तविक भुगतान से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान का वसूली करने का जिम्मेवार होगा।

पंचायत द्वारा निर्माण कार्यो के लिये सामग्री खरीदने हेतु आमन्त्रित टैंडरों के उत्तर में प्राप्त तीन निविदाओं में मै0 प्रशोतम सिंह सरकारी ठेकेदार खुवाडा द्वारा मद बजरी

(10mm/20mm/40mm) ₹1800 प्रति घन मीटर तथा मै0 तनिशका टाईल्स इण्डस्टी सदवां नूरपुर द्वारा ₹1100,1200,800 प्रति घन मीटर तथा मै0 मंगल सिंह सरकारी ठेकेदार डन्ना गुरचाल द्वारा ₹2000 प्रति घन मीटर की दर दी गई थी। स्पष्ट रूप से इसमें से मै0 तनिष्का टाईल्स इण्डस्टी सदवां द्वारा दी गई दरे ₹1100,1200,800 व औसत दर ₹1033 ही न्यूनतम है। परन्तु नमूना अंकेक्षण में वाउचरो का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा अनुदान के अंतर्गत निम्नविवरणानुसार उक्त मद का क्रय मै0 तनिष्का टाईल्स इण्डस्टी सदवां के स्थान पर मै0 प्रशोतम सिंह सरकारी ठेकेदार खुवाडा से किया गया। आमन्त्रित निविदाओं में न्यूनतम निविदा को अनुमोदित न करके, अधिक अनुमोदित दर से ₹ 49212/– का अधिक भुगतान किया गया था, जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है:–

| अनुदान | वाउचर सं0/ दिनांक/ बिल सं0 | आपूर्तिकर्ता | सामान का विवरण | न्यूनतम व अपेक्षित दर से भुगतान ₹ | सकेवेयर सॉफ्टवेयर अनुसार किया गया भुगतान ₹ | अधिक भुगतान ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | 31/28.06. 2023/92 | मै0 प्रशोतम सिंह सरकारी ठेकेदार खुवाडा | बजरी(20mm<br>(40mm) | 18000<br>(15m3@1200)<br>32800<br>(41@800) | 19140<br>(15m3@1276)<br>43829<br>(41@1069) | 1140<br>11029 |
| 2.मनरेगा | 32/28.06. 2023/1 | मै0 प्रशोतम सिंह सरकारी ठेकेदार खुवाडा | बजरी(20mm<br>(40mm) | 18000<br>(15m3@1200)<br>30400<br>(38@800) | 19140<br>(15m3@1276)<br>40622<br>(38@1069) | 1140<br>10222 |
| 3.मनरेगा | 35/28.06. 2023/95 | मै0 प्रशोतम सिंह सरकारी ठेकेदार खुवाडा | बजरी(20mm<br>(40mm)<br>(10mm) | 5400<br>(4.5m3@1200)<br>7200<br>(09@800)<br>957<br>(.87@1100) | 5742<br>(4.5m3@1276)<br>9621<br>(09@1069)<br>1114<br>(.87@1281) | 342<br>2421<br>157 |
| 4.मनरेगा | 37/28.06. 2023/93 | मै0 प्रशोतम सिंह सरकारी ठेकेदार खुवाडा | बजरी(20mm<br>(40mm)<br>(10mm)<br>Water tank | 9600<br>(8m3@1200)<br>17600<br>(22@800)<br>2200<br>(2@1100)<br>1500<br>(1@1500) | 10208<br>(8m3@1276)<br>23518<br>(22@1069)<br>2562<br>(2@1281)<br>2160<br>(1@2160 | 608<br>5918<br>362<br>660 |
| 5.मनरेगा | 40/28.06. 2023/ 097 | मै0 प्रशोतम सिंह सरकारी ठेकेदार खुवाडा | बजरी(20mm<br>(40mm)<br>(10mm) | 27600<br>(23m³@1200)<br>35200<br>(44@800)<br>9900<br>(9 m³@1100) | 29348<br>(23 m³@1276)<br>47036<br>(44@1069)<br>11529<br>(9 m³@1281) | 1748<br>11836<br>1629 |
| कुल | | | | | | 49212 |

उक्त किये गए अधिक भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/443 दिनांकः–27/09/2024 के अंतर्गत पंचायत सचिव डन्नी के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–शून्य दिनांकः–27.09.2024 द्वारा अवगत करवाया किया गया कि मै0 तनिष्का टाईल्स इण्डस्टी सदवां नूरपुर द्वारा उक्त रेट पर सामग्री उपलब्ध नहीं करवा सकता ,से संबंधित प्रमाण पत्र दिया गया था ,जिसे आगामी अंकेक्षण में दिखा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर उपरोक्त नियमानुसार न होने व तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उपरोक्त किये गये भुगतान को या तो समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। पूर्वोक्त मामलो के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई निर्माण सामग्री के लिए किये गए अधिक भुगतान राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर उसकी भी वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9.2 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत निष्पादित किए गए निर्माण कार्यों हेतु क्रय की गई निर्माण सामग्री ₹0.24 लाख की खपत न करनाः–

